# सचिन सिन्हा एसीएस के पद पर होंगे पदोन्नत

▸ स्मिता भारद्वाज के सेवानिवृत्त होने से रिक्त होगा एसीएस का एक पद

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 28 मार्च. भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1995 बैच के अधिकारी सचिन सिन्हा एक अप्रैल से अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नत होंगे. सिन्हा इस समय विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी सह महानिदेशक नरोन्हा प्रशासन अकादमी के पद पर पदस्थ हैं. उन्हें यहां 4 फरवरी 2025 को पदस्थ किया गया था, तब से लगातार यहां बने हुए हैं.**

वहीं इसी माह अपर मुख्य सचिव स्मिता भारद्वाज सेवानिवृत्त हो रही हैं. 1992 बैच की अधिकारी श्रीमती भारद्वाज इस समय अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा



मंडल मप्र भोपाल के पद पर पदस्थ हैं, उन्हें यहां 3 अक्टूबर 2024 को पदस्थ किय गया था. श्रीमती भारद्वाज के सेवानिवृत्त होने से अपर मुख्य सचिव का एक पद रिक्त होगा, जिस कारण सिन्हा को पदोन्नत होने का मौका मिल सकेगा. यहां बता दें कि वर्ष 1995 बैच एक मात्र ऐसा बैच है, जिसमें केवल एक आईएएस हैं. सिन्हा से पहले जनवरी में शिवशेखर शुक्ला को अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नत किया गया था, वे 1994 बैच के अधिकारी हैं. वहीं वर्ष 1995 बैच के सिन्हा के एसीएस पद पर पदोन्नत होने के बाद 1996 बैच के आईएएस अफसरों के एसीएस बनने की राह खुलेगी. इस बैच में डीपी आहुजा पहले अधिकारी होंगे, जो कि अभी प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग के पद पर पदस्थ हैं, लेकिन उन्हें पदोन्नति के लिए मौजूदा मुख्य सचिव अनुराग जैन के रिटायरमेंट तक इंतजार करना होगा.

जैन 31 अगस्त को रिटायर होंगे, इस कारण मप्र में अपर मुख्य सचिव का एक पद रिक्त होगा, उसके बाद ही आहुजा को मौका मिलेगा, वैसे इस वर्ष अपर मुख्य सचिव स्तर के दो और अधिकारी रिटायर होंगे, लेकिन दोनों ही इस समय केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं, इनमें श्रीमती अलका उपाध्याय मई में रिटायर होंगी, वहीं आशीष श्रीवास्तव अक्टूबर में रिटायर होंगे.

# बस हादसा और रसोई गैस संकट पर सरकार पर विपक्ष का हमला

**भोपाल, 28 मार्च. मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने शनिवार को छिंदवाड़ा बस हादसे और देशभर में जारी रसोई गैस संकट को लेकर राज्य एवं केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि ये घटनाएं प्रशासनिक विफलता और जनसुरक्षा की अनदेखी को उजागर करती हैं. प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री सिंघार ने कहा कि 26 मार्च को छिंदवाड़ा-नागपुर मार्ग पर हुई बस दुर्घटना, जिसमें 10 लोगों की मौत और लगभग 40 लोग घायल हुए, शासन-प्रशासन की गंभीर लापरवाही का परिणाम है.**

उन्होंने आरोप लगाया कि दुर्घटनाग्रस्त बस मुख्यमंत्री मोहन यादव की सभा से लौट रही थी, जिससे कार्यक्रम में शामिल लोगों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं. साथ ही, उन्होंने यह भी मांग की कि महिलाओं को 'लाड़ली बहना योजना' के लाभ



बंद करने की धमकी देकर कार्यक्रम में शामिल कराने के आरोपों की जांच कराई जाए. उन्होंने पुलिस प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है.

और पिछले पांच वर्षों में 65 हजार से अधिक लोगों की जान जा चुकी है. उन्होंने एक समान मुआवजा नीति के अभाव की आलोचना करते हुए कहा कि अलग-अलग घटनाओं में मुआवजा राशि तय करने का तरीका मनमाना और असंवेदनशील है.

> रसोई गैस संकट पर बोलते हुए सिंघार ने कहा कि पिछले 20 दिनों से आपूर्ति बाधित होने के कारण घरों, होटलों और छोटे उद्योगों पर गंभीर असर पड़ा है. उन्होंने केंद्र सरकार की तैयारियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि आयात पर अत्यधिक निर्भरता के बावजूद पर्याप्त रणनीतिक योजना नहीं बनाई गई. उन्होंने आरोप लगाया, 'यह सरकार न लोगों की जान बचा पा रही है और न ही उनकी बुनियादी जरूरतें पूरी कर पा रही है,' और इसे जनता के प्रति सरकार की उदासीनता का उदाहरण बताया.

## मंत्रालय के गलियारे से



**कन्हैया लोधी**

### मुलाकात हुई, जाने क्या बात हुई

*पिछले दिनों मंत्रालय की पांचवीं मंजिल में विपक्षी दल कांग्रेस के दो दिग्गजों ने एक ताकतवर अफसर के साथ बंद कमरे में लंबी गुफ्तगु की. इस लंबी मुलाकात के दौरान माहौल हलका बना रहा और चाय की चुस्कियों का दौर चलते रहा. ये दोनों ही नेता फिलहाल हाशिये में चल रहे हैं, एक ने तो पिछले दिनों एक बड़ी जिम्मेदारी से इस्तीफा ही दे दिया था, वहीं दूसरे नेताजी को भी संगठन में पूरी तवज्जो नहीं मिल रही है. ऐसे में इस मुलाकात के मायने निकाले जा रहे हैं. ये मुलाकात इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि विपक्ष के इस कद्दावर नेता के पाला बदलने को लेकर अटकलें भी लग रही है. अब ये तो अंदर की बात है... मुलाकात हुई... जाने क्या बात हुई.*

### दीया तले अंधेरा

*प्रदेश के एक ताकतवर मंत्री दीया तले अंधेरा वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं. एक ऐसा क्षेत्र जहां उनका जबर्दस्त दखल है और उनके एक प्रिय प्रोजेक्ट ने आकार लिया है, वहां के आम लोग एक अदद डॉक्टर के लिए तरस रहे हैं. बताया जा रहा है कि यहां आश्वासन की कोई कमी नहीं रही, लेकिन मंत्रीजी के आश्वासन केवल हवा-हवाई ही साबित हुए. सबसे बड़ी बात ये कि वे विभाग को लीड भी करते हैं. अब गृह क्षेत्र का ये हाल है तो फिर प्रदेश के बाकी हिस्सों में पकड़ का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है.*

### फावड़ा, गेती चलाते दिखे मंत्रीजी

*प्रदेश के एक कद्दावर मंत्री जी पिछले दिनों राज्य सरकार के एक अभियान के सिलसिले में श्रमदान के लिए सीधे ग्राउंड जा पहुंचे. बस फिर क्या था, गेती, फावड़ा लेकर जमीन की खुदाई करने लग गए. वैसे तो मंत्री सामान्य तौर पर प्रतीकात्मक तरीके से ही श्रमदान करते हैं, लेकिन मंत्रीजी रुकने का नाम नहीं ले रहे थे और तो और साहब कुर्ता-पाजामा छोड़ सीधे बरमुडा यानी हॉफ पेंट पर मोर्चे में डटे रहे. उनके इस अथक श्रमदान की जितने लोग उतनी बातें... होती रही. कुछ का कहना था कि मंत्रीजी का सरकार में ज्यादा मन नहीं लग रहा है, इसलिए वे कोई और राह पकड़ सकते हैं. अब उनके मन की तो वे ही जानें, हम क्या कहें?*

### .....और आग बुझाने लग गए राज्य मंत्री जी

*पिछले दिनों एक राज्य मंत्री महोदय क्षेत्र के प्रवास पर जा रहे थे, देखा कि एक महिला अपने खेत में लगी आग को बुझाने के लिए चिल्ला रही थी. साहब ने काफिला रुकवाया और सीधे गेहूं के खेत जा पहुंचें और आग बुझाने का जतन करने लगे. बस फिर क्या था कि उनकी इस कर्मठशीलता का वीडियो भी बनने लगा. बाद में इसे क्षेत्र में जमकर प्रचारित किया गया कि देखो साहब कितने संवेदनशील हैं. वैसे उनके महकमे के क्षेत्र में आग लगने का सीजन भी शुरू हो गया है, हो सकता है कि उनके ग्राउंड जीरो के अनुभव महकमे के कुछ काम आए.*

# यात्रियों के लिए एक स्मार्ट और उपयोगी डिजिटल सुविधा

**भोपाल, 28 मार्च.** रेलवन एप यात्रियों के लिए एक आधुनिक और उपयोगी डिजिटल सुविधा के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है. भारतीय रेलवे द्वारा शुरू किया गया यह एप विभिन्न रेल सेवाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराकर यात्रा को आसान और सुविधाजनक बनाता है.

इस एप के जरिए यात्री ट्रेन से जुड़ी कई जरूरी जानकारियां आसानी से प्राप्त कर सकते हैं. इसमें टिकट बुकिंग, पीएनआर स्टेटस, लाइव ट्रेन रनिंग स्टेटस, प्लेटफॉर्म नंबर और अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं शामिल हैं. उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस के कारण यह एप सरल, तेज और सुरक्षित सेवाएं प्रदान करता है, जिससे यात्रियों को बार-बार अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर जाने की आवश्यकता नहीं



पड़ती. भोपाल मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे डिजिटल सेवाओं को अपनाएं और इस एप का अधिक से अधिक उपयोग करें. इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि यात्रा भी अधिक व्यवस्थित और आरामदायक बनेगी. रेल प्रशासन लगातार तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा दे रहा है, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें. रेलवन एप इसी दिशा में एक अहम कदम है, जो डिजिटल इंडिया की पहल को मजबूत करते हुए रेल सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार ला रहा है.

# मध्यप्रदेश में बदला मौसम का मिजाज

▸ आंधी-बारिश का दौर तेज, 30 मार्च को असर बढ़ने के आसार

▸ साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन एक साथ सक्रिय

**भोपाल, 28 मार्च.** मध्यप्रदेश में मौसम ने एक बार फिर अचानक करवट ले ली है. प्रदेश में दूसरा मजबूत वेदर सिस्टम सक्रिय होने के कारण गर्मी के बीच आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर जारी है. मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक प्रदेश में ऐसा ही मिला-जुला मौसम बना रह सकता है, जबकि 30 मार्च को इसका प्रभाव और अधिक बढ़ने की संभावना जताई गई है.

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन



और ट्रफ लाइन सहित कई सिस्टम एक साथ सक्रिय हैं. इनकी वजह से वातावरण में नमी बढ़ गई है, जिससे दिन में तेज गर्मी के बाद शाम होते-होते मौसम अचानक बदल रहा है. कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश दर्ज की जा रही है, वहीं कुछ स्थानों पर गरज-चमक की स्थिति भी बनी हुई है.

राजधानी भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और सागर समेत कई जिलों में इस बदलाव का असर साफ देखा जा रहा है. कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश हो रही है, जबकि कई इलाकों में तेज हवा और बादलों का असर बना हुआ है. मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि 30 मार्च को प्रदेश के कई हिस्सों में तेज आंधी और बारिश का असर और बढ़ सकता है. इस दौरान कुछ स्थानों पर तेज हवाएं चलने और बिजली गिरने की भी संभावना है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है. मौसम में इस बदलाव के बीच तापमान में भी उतार-चढ़ाव जारी है. दिन के समय गर्मी का असर बना हुआ है और कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच रहा है. खजुराहो और नौगांव में अधिकतम तापमान 40 से 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

जबकि ग्वालियर, रीवा और सागर में तापमान 38 से 40 डिग्री के बीच रहा. भोपाल और इंदौर में अधिकतम तापमान 36 से 38 डिग्री के आसपास बना हुआ है.

कुल मिलाकर, मध्यप्रदेश में फिलहाल मौसम का यह बदला हुआ मिजाज लोगों को गर्मी से राहत तो दे रहा है, लेकिन अचानक आंधी और बारिश के कारण सतर्क रहने की जरूरत भी बढ़ गई है.

# वीआईपी कल्चर को लेकर जताई चिंता

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 28 मार्च.** मध्य प्रदेश में वीआईपी कार्यक्रमों के दौरान नागरिकों, श्रमिकों और सरकारी कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आ रही हैं. छिंदवाड़ा में हाल ही में हुए बस हादसे में कई लोगों की जान जाने के बाद यह मुद्दा और गहरा गया है. हादसे के शिकार लोग एक कार्यक्रम से लौट रहे थे, जिसमें मुख्यमंत्री शामिल हुए थे.

प्रदेश कांग्रेस विचार विभाग के अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह घटना भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्थाओं में गंभीर लापरवाही को उजागर करती है. उन्होंने आधिकारिक आंकड़ों



का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 2023 में राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में 14,000 से अधिक लोगों की मौत दर्ज की गई, जिसमें प्रतिदिन औसतन 35 से 38 लोगों की जान जाती है. उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों को जबरन वीआईपी कार्यक्रमों में शामिल करना, उन्हें लंबी दूरी तक ले जाना और बिना पर्याप्त सुरक्षा के वापस भेजना गैर-जिम्मेदाराना और अमानवीय है.

गुप्ता ने ऐसे आयोजनों के लिए सख्त मानक संचालन प्रक्रिया लागू करने, दबाव की प्रथा खत्म करने और सभी प्रतिभागियों के लिए अनिवार्य दुर्घटना बीमा की मांग की.इसके अलावा, उन्होंने मृतकों के परिजनों को कम से कम एक करोड़ रुपये मुआवजा, एक सदस्य को सरकारी नौकरी, बच्चों की पूरी शिक्षा की जिम्मेदारी और परिवहन, भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने की भी मांग की.

# खिरवा में पुरानी रंजिश में व्यक्ति पर हमला, पत्थर से मारकर किया घायल

## गंभीर रूप से घायल व्यक्ति का इलाज जारी

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 28 मार्च। थाना मोरवा क्षेत्र में बीते दिन शुक्रवार की शाम एक पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें सूरजमन साकेत गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में जारी है।**

प्राप्त जानकारी अनुसार 27 मार्च की शाम करीब 6 बजे ग्राम खिरवा के भोजी चौराहे समीप दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान गांव के ही अक्षय कोल और राकेश कोल ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपियों ने पत्थर उठाकर सूरजमन साकेत के सिर पर वार कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल ट्रॉमा सेंटर के लिए रिफर कर दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मोरवा थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल धारा 196 (बी), 109(2), 351(3), 3(5) बीएनएस कायम कर प्रकरण दर्ज कर लिया है। वहीं आज दिन शनिवार की सुबह निरीक्षक ने घटनास्थल का मुआयना किया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि दोनों आरोपी आदतन बदमाश हैं और आये दिन विवाद करते रहते हैं।

# घोघरा में छेडखानी मामले में हुई मारपीट

**सीधी 28 मार्च,** कमर्जी थानांतर्गत घोघरा मंदिर में रामनवमी के दिन शाम करीब 5 बजे तीन मुस्लिम युवकों के द्वारा आदिवासी लड़कियों के साथ छेडखानी का मामला सामने आया। आदिवासी लडकी पटिया टोला खोरवा की थी और मुस्लिम लडके हटवा के बताए जा रहे है। परिजनों ने देखा छेडखानी करने के बाद आरोपी भगाने का प्रयास कर रहे है। लड़की के परिजन और महिलाओं के द्वारा घेरकर युवकों की चप्पलों, लाठी-डंडों, लात-घूसो से मारपीट भी की गई। कमर्जी थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला पंजीवद्व कर विवेचना शुरू कर दी है।

रामनवमी के दिन प्रशिद्ध घोघरा मंदिर में लाखों श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे थे। यहां रामनवमी के दिन मेला भी लगता है और हिंदुओं का सबसे बड़ा आस्था का केंद्र और प्रतीक है। सवाल यह उठता है कि आखिर इन मुस्लिम युवकों को मंदिर में जाने की जरूरत क्या थी। अगर गए भी तो छेडखानी क्यों किए।

# ठेकेदार की लापरवाही से गई नाबालिक बच्ची की जान

**सिरमौर 28 मार्च, सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत शाहपुर में दर्दनाक घटना सामने आई है जहां शौच के लिए गई नाबालिग सुभी कोल पिता सूरज कोल उम्र लगभग 10 वर्ष तलाव के एक गड्ढे में ज्यादा पानी होने से डूबने से मौत हो गई.**

थाना प्रभारी दीपक तिवारी खुद मौके में पहुंचकर शव को पीएम के लिए सिविल हॉस्पिटल सिरमौर ले गए,ग्राम शाहपुर के रतई तालाब की घटना है ठेकेदार के के सोहगौरा की लापरवाही सामने उभर कर आ रही हैं आप साफ देख सकते हैं कि यहां से अत्यधिक मिट्टी की खुदाई हुई है जिस वजह से हर जगह पानी भरा हुआ है और अभी ताजा मामला आप देख सकते हैं गड्ढे में पानी भर होने से डूबने से एक नाबालिक बच्ची की मौत हो गई है इसमें जिसकी भी लापरवाही है जांच होना चाहिएपरिजनों का रो रो कर हालत खराब हो गई हैं परिजनों का शासन एवं प्रशासन से मांग हैं की सम्बंधित लापरवाही करने वाले के प्रति जाँच कर कार्यवाही होना



चाहिए ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि गुड्डु मिश्रा का कहना हैं की ठेकेदार के द्वारा खनिज विभाग की अनुमति के बिना तालाब से मिट्टी निकालने का कार्य किया जा रहा था अभी बाद में खनिज के द्वारा अनुमति प्राप्त की गई है इतना ही नहीं पूर्व सरपंच लालन देव पांडेय का कहना हैं की ठेकेदार के केसोहगौरा एवं प्रशासन की भी लापरवाही सामने आ रही हैं जिस दिन ह्यस्त्रद्व सिरमौर नें डम्फर को थाना सिरमौर मे जप्त कराये थे उसी दिन यदि मिट्टी जो खोदी गई थी उस गड्डे को पटवा दिया जाता तो सायद इस प्रकार की घटना घटित न होती अब देखना यह हैं की सासाराम प्रशासन के द्वारा क्या कार्रवाई होती है

# प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध : राजपूत

## कालाबाजारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, हजारों सिलेंडर जब्त

**भोपाल , 28 मार्च.** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि मध्यप्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा इनके वितरण में किसी प्रकार की कमी या बाधा नहीं है। उन्होंने बताया कि देश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से कार्य कर रही हैं और कच्चे तेल का भंडार भी पर्याप्त है, जिससे ईंधन आपूर्ति में किसी प्रकार की रुकावट नहीं आएगी। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि प्रदेश में पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता की स्थिति सामान्य है और सभी ऑयल कंपनियों के पास पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। पेट्रोल पंपों पर भी ईंधन की किसी प्रकार की कमी नहीं है तथा कंपनी के डिपो से पेट्रोल और डीजल की लगातार



आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि एलपीजी बॉटलिंग प्लांटों में पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा गया है।उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्लांट अतिरिक्त समय तक कार्य कर रहे हैं, जिससे किसी भी स्थिति में रसोई गैस की उपलब्धता प्रभावित न हो। प्रदेश में ईंधन की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए सभी सप्लाई लोकेशन को अधिक समय तक संचालित किया जा रहा है, जिससे आपूर्ति को सुचारु बनाए रखते हुए स्थिति को सामान्य रखा जा सके।

मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। अब तक 2050 स्थानों पर जांच की गई है, जिसमें 2912 एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए हैं और 9 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्रदेश में पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। लंबित अनुमतियों को शीघ्र प्रदान करने और नई अनुज्ञप्तियां 24 कार्यकारी घंटों में जारी करने के लिए संबंधित विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

वर्तमान में प्रदेश में सीजीडी (सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन) संस्थाओं द्वारा 2,14,980 घरेलू, 535 औद्योगिक और 661 वाणिज्यिक पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। विभिन्न प्रकार की अनुमतियां प्रदान करने के लिए सिंगल विंडो पोर्टल के माध्यम से आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। ऑयल कंपनियों आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल तथा सीजीडी संस्थाओं के बीच आवश्यक समन्वय स्थापित कर भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने आम नागरिकों से अपील की है कि प्रदेश में पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं है, इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें.

# 5 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, दो खरीददार भी धराए

**खरगोन.** पुलिस ने अवैध गांजा खरीद-फरोख्त का मामला उजागर करते हुए बेचवाल सहित खरीददार को गिरफ्तार किया है. प्रकरण में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर 4 लाख रुपये का मश्रुका जब्त किया है.


सनावद थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 26 मार्च को निर्माणधीन इन्दौर-खण्डवा बायपास पर वाहन चेकिंग की जा रही थी. इसी दौरान बासवां की ओर से आ रहा बाईक सवार चेकिंग देख वापस लौटने का प्रयास करने लगा. संदेह होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे धरदबोचा. पूछताछ में उसने अपना नाम दुलेसिंह पिता गंगाराम चौहान निवासी लछोरा भीकनगांव बताया. दुलेसिंग के पास मिले बैग को चेक करने पर उसमें 2 लाख 50 हजार रुपए कीमत का 5 किलो 75 ग्राम गांजा मिला. पूछताछ में दुलेसिंह ने ओंकारेश्वर रोड पर इनपुन पुनर्वास के रहने वाले नरेन्द्र उर्फ भय्यू पिता देवराम हिर्वे और संतोष पिता राजू वर्मा दोनों निवासी पुनर्वास सनावद को उक्त गांजा सप्लाय करने की जानकारी.

# सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

## शादी के कुछ दिन बाद ही टूटा परिवार पर दुखों का पहाड़

**बघेड़ी( चाकघाट ) 28 मार्च, क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान विजय अग्रहरि , पिता स्वर्गीय विनोद अग्रहरि जी( उम्र करीब 27 वर्ष ), निवासी बघेड़ी के रूप में हुई है।**

जानकारी के अनुसार, यह हादसा सुबह लगभग 7-30 से 8-00 बजे के बीच गड़ैया जारी (प्रयागराज) के पास हुआ। बताया जा रहा है कि विजय अग्रहरि अपनी मौसी की लड़की को स्टेशन छोड़कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे दो मवेशी आपस में लड़ रहे थे, जिन्हें देखकर वह कुछ देर के लिए रुक गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,



लड़ते-लड़ते मवेशी अचानक उनकी बाइक से टकरा गए, जिससे वह सड़क पर गिर पड़े। तभी पीछे से आ रहा एक तेज रफ्तार ट्रेलर उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे में विजय गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है कि 24 फरवरी को ही विजय अग्रहरि का विवाह हुआ था। शादी के महज कुछ दिनों बाद ही इस तरह की दुखद घटना ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया।


## आम इश्तहार

मनकि मैं कामता प्रसाद मिश्रा पिता स्व0 परशराम मिश्रा उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम गलबल तहसील बिरसिंहपुर जिला सतना म0प्र0 का होकर शपथपूर्वक सत्य-सत्यकथन करता हूँ कि- यह कि आवेदक कामता प्रसाद मिश्रा द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार महोदय बृत्त जैतवारा तह0बिरसिंहपुर जिला सतना म0प्र0 के समक्ष कामता प्रसाद मिश्रा बनाम राजरूप मिश्रा व अन्य के नाम से मौजा चिल्ला स्थित आ0नं0 169, 170/2, 172, 173, 207, 209 210, 211, 225, 226, 230, 235, 236, 238, 245, 247, 248, 249, 250, 266 एवं मौजा डेहुट स्थित आनं0 5, 6/1, 7/1, 16, 6/23, 24, 30 एवं मौजा गलबल स्थित आ.नं. 245, 272, 309, 316, 327, 346, 347, 404, 490, 491, 289/1, 289/1/1 में अपने अंश भाग का खाता विभाजन किये जाने का आवेदनपत्र प्रस्तुत किया गया है .जिसका राजस्व प्रकरण क्र.- 0312/अ27/2025-26 है जो पेशी दिनांक 06.04.2026 को नियत है। यह कि उक्त प्रकरण में अनावेदकगण / सहखातेदार या अन्य किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति है तो वह नियत पेशी दिनांक को उपस्थिति होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

स्थान-सतना

दिनांक-26.03.2026

हस्ताक्षर शपथकर्ता / आवेदक

कामता मिश्रा